शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण



मिशन शिक्षण संवाद

बाल सृजन संसार

दिनाँक- 01/07/2023 | 471 | दिन- शनिवार

बेटी

दुनिया ना है देखी उसने,
है वह थोड़ी सी नादान।
बेटा पाने की लालच में,
क्यों ले लेते हैं लोग बेटियों की जान।।

कोई कहता है बनो इंजीनियर,
कोई कहता बन जा अफसर।
कोई कहता है छोड़ पढ़ाई,
अरे ! शादी कर और पकड़ कढ़ाई।।

बेटी सुन तू झाड़ू लगा,
बर्तन धो और खाना बना।
सुनो श्रीमती सुनो जरा,
मेरा लाल रूठ गया उसे मना।।

रचना-
रोली शर्मा (पूर्व छात्रा)
प्रा० वि० डेरवाँखुर्द
क्षेत्र- चहनिया, जनपद- चन्दौली

शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण

मिशन शिक्षण संवाद

बाल सृजन संसार

दिनाँक-03.07.2023 | 472 | दिन- सोमवार

अच्छे काम...

करो सदा तुम अच्छे काम,
और पढ़ाई पर दो ध्यान।
खुशियाँ आएँ तभी तमाम,
रोशन हो माँ-पिता का नाम।।

भले ही आधी रोटी खाओ,
पहले विद्यालय को जाओ।
जाकर पहले नाम लिखाओ,
पढ़-लिखकर लायक बन जाओ।।

रचना
अनुज जायसवाल (कक्षा-7)
उ० प्रा० वि०- स्योढ़ा
बिसवाँ, सीतापुर

शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण

मिशन शिक्षण संवाद

बाल सृजन संसार

दिनाँक-04-07-2023

473

दिन- मंगलवार



बेदर्द लपटें

बेहद गरम हवा चलती है,
दशों दिशाओं में है शोर।
नर-नारी, पशु-पक्षी व्याकुल,
मुश्किल से होता है भोर।।

रात नींद न आती मुझको,
दिन में हुई गरम धरती।
तपन रात भर छूती तन को,
पीठ रोज मेरी सहती।।

कानों में जैसे लगती है,
नाशापुट जब छूती है।
मन-उर मेरा सिहर उठता है,
पैरों में भी जूती है।।

हाथ-पैर अरु नाक-कान,
चारों को ढक चलता हूँ।
कहीं लपट न जाये अन्दर,
सदा सजग मैं रहता हूँ।।

रचना

अंशुल (कक्षा-6)
उ० प्रा० वि०- बम्हौरी,
ब्लॉक- मऊरानीपुर
जनपद- झाँसी (उ०प्र०)

शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण

मिशन शिक्षण संवाद



बाल सृजन संसार

दिनाँक- 05.07.2023

474

दिन- बुधवार

किताबें



ज्ञान की बात बताती किताबें,
मंजिल हमें दिखाती किताबें।
पढ़ना हमें सिखाती किताबें,
सपने हमें दिखाती किताबें।।

किताबों से ले लो शिक्षा,
या फिर ज्ञान की भिक्षा।
किताबों मे है हर ज्ञान,
वही हमें बनाती महान।।

किताबों को रख लो,
हर ज्ञान से निपट लो।
जिसने कि किताबों की पढ़ाई,
उसी ने सफलता पायी।।

किताबों से पाएँ ज्ञान,
ज्ञान से मिलता सम्मान।
किताबों से लेना ज्ञान,
ज्ञानी की यही पहचान।।

रचना- रेशमी (कक्षा-8)
रा० उ० प्रा० वि०, बेनिवालो की ढाणी,
मंगले की बेरी, आडेल, बाड़मेर (राज०)



शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण

मिशन शिक्षण संवाद
बाल सृजन संसार

दिनाँक- 07-07-2023 **476** दिन- शुक्रवार

सात महाद्वीप ...

एक नम्बर पर एशिया,
दो पे है अफ्रीका।
तीन नम्बर पे नार्थ अमरीका,
चार पे साउथ अमरीका।।

अंटार्कटिका है ठण्डा-ठण्डा,
निर्जन पड़ा है रहता।
पाँच नम्बर पे नाम है इसका,
ढका बर्फ से रहता।।

छः नम्बर पे यूरोप आता,
सात पे है आस्ट्रेलिया।
सात महाद्वीपों से मिलकर,
बच्चों! बनी है दुनिया।।

रचना- शालिनी देवी (कक्षा-8)
उच्च प्राथमिक विद्यालय चित्रवार,
क्षेत्र- मऊ, जनपद- चित्रकूट

शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण



मिशन शिक्षण संवाद

बाल सृजन संसार

दिनाँक- 08/07/2023

477

दिन- शनिवार

बेटी - भाग - 2

अरे! बन्द करो ये सोच विचार,
दोनों को दो एक सा प्यार।
अगर बेटा करेगा ऊँचा नाम,
तो बेटी करेगी ऊँचा नाम।।

सब कहते हैं ज्यादा ना उड़,
सपने देखेगी तो कट जाएँगे पर।
पर यही वक्त है कुछ करने का,
कुछ बनने का उड़ान भरने का।।

अब बेटी तू हिम्मत कर,
आगे बढ़ बन आत्म निर्भर।
लोगों के इन बुरे विचारों को,
गलत साबित कर के दिखा।।

रचना-
रोली शर्मा (पूर्व छात्रा)
प्रा० वि० डेरवाँखुर्द
क्षेत्र- चहनिया, जनपद- चन्दौली

शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण
मिशन शिक्षण संवाद
बाल सृजन संसार
दिनाँक- 10-07-2023
478
दिन- सोमवार

वर्षा आई, वर्षा आई



वर्षा आई, वर्षा आई,
देखो-देखो देखो बहनों-भाई।
सबके मन को है यह भाई,
शीतल, सुखद लगे मन भायी।।

झम-झम बरस रहा है पानी,
मात-पिता खुश नाना-नानी।
नाचें-कूदें, खूब नहाएँ,
इस पर लिख दी एक कहानी।।

खेतों में फसलें उग आईं,
हरियाली है चहुँ दिशि छायी।
विभिन्न रंग की चूनर सुन्दर,
देखो, धरती पर लहरायी।।

रचना
कौशकी गुप्ता (कक्षा-5)
प्रा० वि० बम्हौरी
ब्लॉक- मऊरानीपुर
जनपद- झाँसी